प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 27.09.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः—

1— केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते में संशोधन करके न्यूनतम वेतन दर में बढ़ोतरी करने की घोषणा की।

2— केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय ने साहसिक पर्यटन के लिए छत्तीसगढ़ के ढूढमारस को और समुदाय आधारित पर्यटन के लिए चित्रकोट को सर्वश्रेष्ठ गांव के रूप में चुना है।

3— छत्तीसगढ़ में आठ विभागों में तीन हजार चार सौ चौहत्तर पदों की भर्ती के लिए वित्त विभाग ने अपनी मंजूरी दी।

4— केंद्रीय जल शक्ति और स्वच्छता मंत्री चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल कल राजनांदगांव जिले में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों का अवलोकन करेंगे।

..........................................................................

<u>श्रमिक—वेतन दर</u>

केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते में संशोधन करके न्यूनतम वेतन दर में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। नई वेतन दरें पहली अक्टूबर से लागू होंगी। नई दरें अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल और अत्यधिक कुशल स्तरों के आधार पर वर्गीकृत की गई हैं। इस वर्गीकरण में भौगोलिक क्षेत्रों ए, बी और सी का भी ध्यान रखा जाता है। संशोघन के बाद ए श्रेणी के क्षेत्रों में निर्माण, सफाई, स्वच्छता, खनन, कृषि और लदान—उतरान के कार्य से जुड़े अकुशल कामगारों के लिए न्यूनतम भुगतान राशि सात सौ तिरासी रुपए प्रतिदिन होगी। अर्द्धकुशल कामगारों के लिए न्यूनतम पारिश्रमिक आठ सौ अड़सठ रुपए तय किया गया है। कुशल, लिपिक और निरस्त्र गार्ड के लिए

न्यूनतम भुगतान नौ सौ चौव्वन रुपए प्रतिदिन होगा। अत्यधिक कुशल कामगारों और सशस्त्र गार्ड के लिए न्यूनतम वेतन एक हजार पैंतीस रुपए प्रतिदिन निर्धारित किया गया है।

..........................................................................

विश्व पर्यटन दिवस

केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय ने विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की है। इसमें साहसिक पर्यटन के लिए छत्तीसगढ़ के ढूढमारस को और समुदाय आधारित पर्यटन के लिए चित्रकोट को सर्वश्रेष्ठ गांव के रूप में चुना गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस विशेष सम्मान के लिए बधाई दी है। इसी के साथ पर्यटन मंत्रालय द्वारा रायपुर सहित देश के पचास स्थलों पर 'पर्यटन मित्र और पर्यटन दीदी' नाम से एक राष्ट्रीय उत्तरदायी पर्यटन पहल की शुरुआत की गई है। इस साल पर्यटन दिवस का विषय है– पर्यटन और शांति।

इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर रायपुर में "सेंट्रल इंडिया कनेक्ट मार्केट प्लेस–दो हजार चौबीस" का शुभारंभ किया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड और छत्तीसगढ़ ट्रैवल ट्रेड एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य में पर्यटन उद्योग की नई संभावनाओं और निवेश के अवसरों पर विशेषज्ञों द्वारा विचार–विमर्श किया गया।

..........................................................................

केन्द्रीय मंत्री–स्वच्छता अभियान

केंद्रीय जल शक्ति और स्वच्छता मंत्री चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल कल अपने एक दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान राजनांदगांव जिले में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर किए जा रहे कार्यों का अवलोकन करेंगे। वे इस अवसर पर राजनांदगांव जिले के बरगा गांव में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित

जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास तथा हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया जाएगा। उसके बाद केन्द्रीय मंत्री डोंगरगांव ब्लाक के अमलीडीह और अर्जुनी जाकर कचरा और प्लास्टिक प्रबंधन के लिए किए जा रहे कार्यों का मुआयना करेंगे।

..............................................................................

मुख्यमंत्री–राजस्व बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज निवास कार्यालय में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने राजस्व अमले की व्यवस्था को दुरुस्त करने की बात कही। श्री साय ने अधिकारियों को कहा कि पटवारी अपने मुख्यालय में रहकर कार्य करें और नियत समय के बाद पटवारी का उस हल्के और तहसील क्षेत्र से स्थानांतरण हो जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश के विभिन्न शासकीय कार्यालयों की भूमि का शासन के पक्ष में नामांतरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज खेल और युवा कल्याण विभाग के कार्यों की भी समीक्षा बैठक ली। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में खेलो इंडिया सेंटर के संचालन के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को इसका सतत निरीक्षण करने को कहा। उन्होंने एनटीपीसी के सहयोग से जशपुर जिले के सन्ना में तैयार होने वाले नेशनल आर्चरी अकादमी का जिक्र करते हुए कहा कि इस पहल से पहाड़ी कोरवा, जो स्वाभाविक रूप से तीरंदाज होते हैं, उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलेगा।

..............................................................................

उपमुख्यमंत्री–समीक्षा बैठक

उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने मंत्रालय में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ राज्य के सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी नगरीय निकायों में कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों को अगस्त और सितम्बर माह के वेतन का भुगतान आगामी एक अक्टूबर तक करने को कहा।

नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने आज वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ राज्य की सभी नगर पंचायतों के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और अभियंताओं को प्रदेश के नए उभरते शहरों की अपेक्षाओं और भावी जरूरतों के मुताबिक विकास कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुबह वार्ड भ्रमण कर साफ–सफाई और निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण नहीं करने वाले अधिकारियों पर नाराजगी जताई।

..............................................................................

वित्त विभाग–भर्ती

छत्तीसगढ़ में लगभग आठ विभागों में तीन हजार चार सौ चौहत्तर पदों की भर्ती के लिए वित्त विभाग ने अपनी मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के
निर्देशानुसार वित्त विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, गृह विभाग, विधि विभाग, आदिम जाति कल्याण, वन और पर्यावरण विभाग अपने–अपने विभागों में भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने में जुट गए हैं।

..............................................................................

भाजपा अध्यक्ष–सदस्यता अभियान

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कल अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्र से संगठन में जुड़ने का अपील की है। उन्होंने कहा कि पूरे देश के साथ छत्तीसगढ़ में भाजपा के सदस्य बनने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, सदस्यता अभियान की राष्ट्रीय प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंहदेव सहित मंत्री, सांसद, विधायक, जिलापंचायत अध्यक्ष, महापौर, सहित प्रदेश सदस्यता अभियान टोली, प्रदेश महामंत्री, संभाग प्रभारी, सहप्रभारी मौजूद थे।

इससे पहले, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा रायपुर प्रवास के दौरान कल शाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्तमंत्री ओ. पी. चौधरी के साथ नालंदा परिसर पहुंचे। उन्होंने वहां लाइब्रेरी में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से संवाद किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में राजनीति में आना चाहिए। श्री नड्डा ने कहा कि प्रोफेशनल लोगों के राजनीति में आने से शुचिता की सोच को बढ़ावा मिलता है।

..............................................................................

<u>कांग्रेस–न्याय यात्रा</u>

प्रदेश कांग्रेस की न्याय यात्रा आज बलौदाबाजार जिले के गिरौधपुरी धाम से शुरू हो गई है। यात्रा में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। यात्रा के दौरान सोनाखान में कांग्रेस नेताओं ने शहीद वीर नारायण सिंह के स्मारक पर माल्यार्पण किया।

गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर यह पदयात्रा निकाली जा रही है। करीब एक सौ पच्चीस किलोमीटर लंबी इस यात्रा का समापन दो अक्टूबर को रायपुर में होगा।

.............................................................................

अधिकारी–कर्मचारी–हड़ताल

छत्तीसगढ़ शासकीय अधिकारी–कर्मचारी फेडरेशन के आवाह्न पर आज प्रदेशभर के सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों ने ''कलम बंद, काम बंद'' हड़ताल की। इस दौरान दुर्ग में आज एकदिवसीय धरना देकर इन कर्मचारियों ने अपनी चार सूत्रीय मांगों को पूरा करने को लेकर आवाज बुलंद की। कर्मचारियों ने राज्य सरकार से केन्द्र के सामान महंगाई भत्ता, अवकाश नगदीकरण, गृह भाड़ा भत्ता और महंगाई भत्ते की बची हुई राशि जारी करने की मांग की है। अधिकारियों और कर्मचारियों की हड़ताल के चलते आज नया रायपुर स्थित इंद्रावती भवन एवं राज्य सरकार के अन्य शासकीय कार्यालयों में कार्य प्रभावित हुआ है।

.............................................................................

बातों–बातों में

_______श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार स्वच्छता ही सेवा अभियान पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल अट्ठाईस सिंतबर को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

.............................................................................

आयुष्मान भारत योजना–विशेष कार्यक्रम

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के छह वर्ष पूरे होने पर आकाशवाणी रायपुर से कल अट्ठाईस सितंबर को शाम सात बजे विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का निर्माण प्रादेशिक समाचार एकांश ने किया है।

..........................................................................

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ खबरें संक्षेप में–

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दुर्ग में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में लगभग तेईस करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

– रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल को दो प्रमुख संसदीय समिति में सदस्य बनाया गया है। वे शिक्षा, महिला बाल विकास, युवा एवं खेल और केमिकल तथा फर्टिलाइजर समिति के सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

– आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने शराब घोटाला मामले में झारखंड में घटित कथित अपराध को लेकर एक और एफआईआर दर्ज की है। इस एफआईआर में झारखंड के अधिकारी विनय चौबे और प्रदेश के अनिल टुटेजा, अरुण पति त्रिपाठी, अनवर देबर और विधु गुप्ता के नाम शामिल हैं।

– केन्द्रीय संचार ब्यूरो रायपुर द्वारा डॉक्टर राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में तीस सितंबर और एक अक्टूबर को राष्ट्रीय पोषण माह पर चित्र प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

– छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने शासकीय और आवासीय भूमि पर निर्मित संपत्तियों के फ्री–होल्ड की प्रक्रिया यथावत जारी रखी है। इसके तहत कृषि के लिए उपयोग में दर्ज भूमि के डायवर्सन के बाद ही फ्री–होल्ड किया जाएगा।

– शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय, रायपुर में कल दो हजार से अधिक बच्चों का स्वर्णप्राशन कराया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>